मिथाइलकोबालामिन पर लंदन में व्याख्यान देंगे डॉ. संजय

अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेष बुलावा, कर चुके हैं अनेक शोध

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. शहर के डॉ. संजय अग्रवाल को लंदन से खास बुलावा आया है। वे आगामी 25 मई से लंदन में आयोजित होने वाली एडिटर्स ऑफ नर्सिंग इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च हेल्थ साइंसेज की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान देंगे। उन्हें मिथाइलकोबालामिन की उपयोगिता पर व्याख्यान देने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। 'एक्सप्लोरिंग द एडवांस प्रैक्टिसेस इन नर्सिंगद्य थीम पर आयोजित होने वाली सातवीं इंटरनेशनल कांफ्रेंस में दुनिया के विविध देशों से विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस को डॉ. अग्रवाल संबोधित करेंगे। मुख्य रूप से रिसर्च के क्षेत्र में कार्यरत डॉ. अग्रवाल के नाम 40 फार्मुलेशन पेटेंट हैं और वे 17 यूनिक फार्मुलेशन का लैब में आविष्कार भी कर चुके हैं। शरीर में पाए जाने वाले मिथाइलकोबालामिन के बारे में वे कहते हैं कि चिकित्सा विज्ञान में विटामिन बी-12 के रूप में भी इसे जाना जाता है।